No. of Printed Pages : 2

एम.एम.डी.ई.-015

01049

बी.एड. विशेष शिक्षा (बी.ई.डी.एस.ई.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2013

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट: *इस प्रश्न पत्र के कुल* ***तीन खण्ड*** *हैं :* ***क, ख*** *और* ***ग।*** *प्रत्येक* ***खण्ड*** *के नीचे प्रश्न हल करने सम्बंधी निर्देश दिये गये हैं, उन्हें* ***ध्यान*** *से पढ़िए।*

खण्ड -क 5x2=10

सभी प्रश्नों के उत्तर दें। **प्रत्येक** के **अंक** समान हैं।

1. बलाघात से आप क्या समझते हैं? उदाहरण दीजिए।

2 भाषा कौशलों से क्या तात्पर्य है? उनकी सूची बनाइए।

3 भाषा तत्वों शब्द तथा अर्थ के मध्य सम्बंध स्पष्ट कीजिए।

4. एक भाषा की अनेक बोलियाँ होती हैं, समझाइए।

5. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

खण्ड-ख 5x4=20

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के **अंक** समान हैं।

6. श्रुतलेख किन दो कौशलों का समायोजन है? क्या इसे भाषा अधिगम की एक उपयोगी तकनीकी माना जा सकता हैं?

7. आत्मकथा और जीवनी में अतंर स्पष्ट कीजिए।

8. भाषा को परिभाषित करते हुए मातृभाषा तथा मानक भाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

9. भाषा शिक्षण के लिए सहायक सामग्री के भिन्न रूपों पर अपने विचार लिखिए।

10. पाठ्यपुस्तक के गुणों की संक्षिप्त चर्चा करें।

खण्ड-ग

11. कक्षावार दक्षताओं से क्या तात्पर्य है? अधिगम स्तर दक्षताओं से भाषा शिक्षण की गुणवत्ता में क्या सहायता मिलती है? 10

अथवा

कथावस्तु, चरियचित्रण, संवाद एवं संरचना शिल्प की दृष्टि से 'सवासेर गेंहूँ' कहानी का विश्लेषण कीजिए।

12. नाटक की शैली से क्या अर्थ है? यह कितने प्रकार की हो सकती है? 'रीढ़ की हड्डी' नाटक की शैली पर टिप्पणी कीजिए। 10

अथवा

गहन और विस्तृत पठन में क्या अंतर है? छात्रों में गहन पठन को विकसित करने के लिए एक अध्यापक कक्षा में क्या-क्या प्रयास कर सकता है?